दिनांकः 26.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जीर्ण–शीर्ण सरकारी भवनों की मरम्मत का काम प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिये।

- भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते एफटीए से राजस्थान से निर्यात अवसरों में बढोतरी की उम्मीद।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिरकत की–कल आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में श्री मोदी अपने विचार साझा करेंगे।

- 76वें वन महोत्सव के अवसर पर कल प्रदेशभर में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम होगें– राज्य स्तरीय वन महोत्सव समारोह जयपुर में आयोजित होगा।

-----------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़–मनोहर थाना दुखान्तिका को संज्ञान में लेते हुए जीर्ण–शीर्ण सरकारी संस्थानों, विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत के कामों को प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डांग, मगरा और मेवात क्षेत्रीय विकास योजना के तहत इन संस्थानों और भवनों की मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का निर्णय लिया है। इसी तरह अब विधायक भी **स्थानीय क्षेत्र विकास योजना** के तहत इन भवनों की मरम्मत कामों के लिए अपने वार्षिक आवंटन की 20 प्रतिशत राशि खर्च कर सकेंगे। गौरतलब है कि झालावाड जिले के पीपलोदी हादसे के बाद मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित कर इसे पांच दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये गये हैं। उधर जोधपुर में मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि हर जिले के पुराने भवनों का सर्वे करवाया जाएगा।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश के एक बिजलीघर परिसर में श्रमिक की मौत के बाद राज्य के मुख्य सचिव और अजमेर पुलिस को नोटिस जारी किया है। घटना सीवर का गड्ढा खोदने के दौरान मिट्टी में दब

जाने से हुई इस पर आयोग ने मीडिया की खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

.................

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और ब्रिटेन के बीच हाल में हुए **मुक्त व्यापार समझौते –एफटीए** को क्रांतिकारी बदलाव बताया है। नई दिल्ली में श्री गोयल ने कहा कि यह समझौता कई क्षेत्रों में व्यापक अवसर खोलता है और साथ ही दोनों देशों के हितों की रक्षा भी करता है। वाणिज्य मंत्री ने इसे भारत का अब तक का सबसे बड़ा और व्यापक व्यापार समझौता बताया।

.................

श्री गोयल ने कहा कि इस समझौते में भारत की वैश्विक व्यापार साझेदारी के लिए नया मानदंड स्थापित किया है। ये महत्वपूर्ण व्यापार समझौता दोनों देशों के मजबूत संबंधों का संदेश देता है। एफटीए से राजस्थान के रत्न, आभूषण, वस्त्र, मार्बल, सीमेंट और हस्तशिल्प सहित अन्य इकाइयों को निर्यात में बढ़ोतरी होगी।

.................

राज्यसभा सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा पाली से लोकसभा सांसद पी.पी. चौधरी को संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आज नई दिल्ली में हुए समारोह में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने उन्हें इस पुरस्कार से नवाज़ा। देश के 17 सांसदों और दो संसदीय स्थायी समितियों को ये पुरस्कार दिया गया है। इस अवसर श्री रिजिजू ने कहा कि सदन में सक्रियता, बहस में भागीदारी तथा बेहतर विधायी कामकाज के आधार पर ये पुरस्कार दिये गये हैं।

.................

करगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर समूचा देश माँ भारती पर प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को याद कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने करगिल दिवस पर आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर जाकर उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 1999 में करगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी थी। लद्दाख के द्रास में करगिल युद्ध स्मारक पर एक भव्य समारोह हुआ। इसमें खेल मंत्री मनसुख मांडविया और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश में भी विभिन्न आयोजनों के माध्यम से उन पराक्रमी योद्धाओं को नमन किया जा रहा है, जिन्होंने भारत–पाक की इस लड़ाई में अपने प्राणों की बाज़ी लगा दी। भीलवाड़ा और चूरू में इस अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया।

बाड़मेर में युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर वीरांगनाओं और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। बारां में दो दिवसीय शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। विजय दिवस के अवसर पर जोधपुर में इस ऐतिहासिक युद्ध का **रोमांचकारी जीवन पुनः** मंचन किया गया। इसमें 800 एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड्स ने भारतीय सैनिकों की भूमिका निभाई। कोटपूतली–बहरोड़, पाली, चूरू और सवाईमाधोपुर सहित विभिन्न स्थानों पर करगिल शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम रखे गये।

.................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मालदीव यात्रा के तहत आज राजधानी माले में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिरकत की। श्री मोदी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ के साथ बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत–मालदीव मैत्री पर चर्चा की, जिसमें बुनियादी ढाँचा, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग से बहुत लाभ हुआ है और दोनों देश अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

.................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। सुबह रविवार 11 बजे प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 124वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

.................

76वां वन महोत्सव कल प्रदेशभर में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय वन महोत्सव समारोह जयपुर के जगत्गुरू रामानन्दाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेगें। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल और वन मंत्री संजय शर्मा भी इसमें मौजूद रहेगें। इस अवसर पर परिसर में मातृवन की स्थापना कर पौधरोपण किया जाएगा। इसके साथ ही ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण भी किया जाएगा। इसके साथ ही अमृता देवी वन संरक्षण पुरस्कार भी वितरित किये जायेगें। जिलों में भी वन महोत्सव का आयोजन होगा। सवाईमाधोपुर में महोत्सव के दौरान 9 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

बाड़मेर में बीएसएफ फायरिंग रेंज में भी पौधे लगाये जायेगें। उधर डूंगरपुर के सागवाड़ा में आज वन महोत्सव रखा गया। इस बार जिले में 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

.................

हरियाली तीज का पर्व कल मनाया जाएगा। इससे पहले आज पारम्परिक उल्लास के साथ लोक पर्व सिंजारा मनाया जा रहा है। इस मौके पर महिलाओं और युवतियों ने मेंहदी लगाकर पारम्परिक रूप से श्रृंगार किया। त्यौहार पर घेवर और मिठाई की दुकानों पर भी खासी रौनक देखी जा रही है। भरतपुर में भी श्रावणी तीज की उत्साह के साथ तैयारियां की जा रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर बांके बिहारी सहित अन्य मंन्दिरों में विशेष झांकियां सजाई जायेंगी।

.................

मौसम विभाग ने आज कोटा और उदयपुर में कहीं—कहीं भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना जताई है। अजमेर, जोधपुर, भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में भी भारी बारिश हो सकती है। अगले दो दिन दक्षिणी—पूर्वी और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश के आसार हैं।

आज अजमेर में सुबह से ही कभी धीमी तो कभी तेज बारिश का दौर चला। भीलवाड़ा में अल सुबह से ही रिमझिम बारिश का सिलसिला बना रहा। वहीं बीती रात राजधानी जयपुर में भी झमाझम बारिश हुई। सिरोही जिले में मौसम इन दोनों सुहाना बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि माउंट आबू में बड़ी संख्या में पर्यटक धुंध भरी वादियों और मनोहारी दृश्यों का आनन्द ले रहे हैं।

.................